कृपा करो मोपर श्री राधे

कृपा करो, कृपा करो, कृपा करो मोपर श्री राधे
अब तो आई तेरे द्वारे,

रसिक जीवनी तुम हो श्यामा,
ना छोडो मझधार हे श्यामा ।
सखियन प्यारी कुञ्ज विहारिन,
श्याम भाव की सब सुख कारण ।
श्याम रहे निज तेज सवारिन,
कृपा करो, कृपा करो, कृपा करो मोपर श्री राधे ॥

सब बृज की ठकुरानी राधे,
तुम हो मेरी प्राण आधार ।
विपिन सम्पदा सदा किशोरी,
करो सदा नित्त चित्त की चोरी ।
सब गुण खान तद्यपि भोरी,
कृपा करो, कृपा करो, कृपा करो मोपर श्री राधे ॥

श्री राधे बरसाने वारी,
कृष्णा प्रिया अति भोरी भारी ।
हित्त गोपाल की प्राण जीवनी,
तुम तो पलकन डगर बुहारी ।
तुम सब मन की जानन हारी,
कृपा करो, कृपा करो, कृपा करो मोपर श्री राधे ॥

कृपा करो, कृपा करो

स्वर : सर्व मोहन (टीनू सिंह)

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1113/title/kripa-karo-mopar-shree-radhe

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |